## एक नजर

### अलवर के सरकारी स्कूल में सिलेंडर भभका, 3 झुलसे

**अलवर. कासं।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ला गोविंदगढ़ में बुधवार सुबह करीब 10 बजे बच्चों के लिए दूध गर्म करने पर सिलेंडर में आग लग गई जिससे प्रबोधक टीचर सहित काम करने वाली महिला झुलस गई। गैस सिलेंडर कमरे से बाहर था। अचानक आग लगने पर बाहर की दीवार भी उनके ऊपर आ गिरी। जिससे चोट भी लगी है। दोनों का बचाव हो गया। स्कूल के टीचर ने बताया कि 10 बजे पास महिला हंसीरा दूध गर्म करने पहुंची थे। उससे सिलेंडर चालू नहीं हुआ। उसने मुझे बुलाया। मैं सिलेंडर चलाने आया तो एकदम से आग लग गई। हम सब वहां से भाग लिए। उसी दौरान दीवार गिर गई। लेकिन अचानक तेज आग लगने से झुलस गए। दीवार भी गिरी। कुछ हिस्सा ऊपर आ गिरा। जिससे हंसीरा के चोट भी लगी हैं। आग लगने का कारण सिलेंडर जाम हो रहा था। अचानक आग पकड़ गया। जिससे एकदम से आग का गुबार निकला। उसमें झुलस गए। उसी समय दीवार भी ढह गई।

### राममंदिर निर्माण का एक साल पूरा, केसर दूध पिलाया

**भीलवाड़ा. कासं।** राम मंदिर के निर्माण को 1 साल पूरा होने पर भीलवाड़ा शहर में लोगों ने खुशी का जश्न मनाया। शहर के रामधाम चौराहे पर लोगों को दूध पिलाकर प्राण प्रतिष्ठा होने के एक साल को धूमधाम से मनाया जा रहा है। हिंदू राष्ट्र सेवा समिति के शांतिलाल व्यास ने बताया- भगवान राम लला 500 सालों के संघर्ष के बाद आज ही के दिन 1 साल पहले अयोध्या मंदिर में विराजित हुए थे। राम मंदिर का निर्माण हुआ था। हम लोगों को आज भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी है, जो आज से एक साल पहले थी। 1 साल पहले हमने इसी रामधाम चौराहे पर 3 क्विंटल दूध का वितरण किया था और आज एक साल होने पर इस बार हमने चार क्विंटल दूध वितरण का लक्ष्य रखा।

### कोटा में एक ओर छात्र ने सुसाइड किया

**कोटा. कासं।** कोटा में कोचिंग छात्रों के सुसाइड का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। आज एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। कोचिंग स्टूडेंट पराग (18) असम का रहने वाला था जो कोटा में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा था। 27 जनवरी को उसका पेपर बताया। पेपर से पहले ही उसने अपनी जान दे दी। पराग जवाहर नगर थाना क्षेत्र के महावीर नगर इलाके में रहता था। उसकी मां भी फिलहाल कोटा में ही है। फिलहाल सुसाइड के कारण सामने नहीं आए हैं। शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। गौरतलब है कि 7 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ के नीरज (19) ने जवाहर नगर क्षेत्र में अपने हॉस्टल के कमरे में पंखे के कुंडे से लटक कर सुसाइड किया था। वहीं 8 जनवरी को विज्ञान नगर थाना क्षेत्र 20 वर्षीय अभिषेक जो एमपी के गुना का रहने वाला था। इस छात्र ने भी पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया था। कोटा में रहकर जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। 16 जनवरी विज्ञान नगर थाना अभिजितगिरी (18) जेईई की तैयारी कर रहे कोचिंग स्टूडेंट ने पंखे से फंदा लगा कर सुसाइड कर लिया था।

भरतपुर की बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

# बजट घोषणाओं को लागू कर रही राज्य सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा

## पर्यटन हब के रूप में विकसित होगा भरतपुर

जयपुर. कंचन केसरी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भरतपुर में ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखकर सौन्दर्यकरण एवं सुव्यवस्थित विकास कार्य करवाये जा रहे हैं ताकि भरतपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में हमारी सरकार ने पहले बजट में भरतपुर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर भरतपुर की बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग सभी बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन के कार्य किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के बाद आगे की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि इन विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए धरातल पर शीघ्र मूर्तरूप देने के निर्देश दिये।



### अधिकतम बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट घोषणा की अनुपालना में भरतपुर से शुरूआत करते हुए प्रदेश में पहली बार सभी कार्यालयों को एक स्थान पर लाने के लिये कर्मशिला भवन का नवाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है तथा शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाए। साथ ही, उन्होंने जनाना अस्पताल को पुराने शहर से बाहर शिफ्ट करने, पशु चिकित्सालय एवं वेटरनरी कॉलेज को अन्यत्र शिफ्ट करने तथा विज्ञान केन्द्र की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की।

**गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित हो विरासत का रखरखाव व संरक्षण:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी विरासत का रखरखाव व संरक्षण गुणवत्ता के साथ हो, इसके लिये पर्यटन महत्व के कार्यों को समय पर पूरा करायें। उन्होंने निर्देश दिए कि गिर्राज कैनाल, भरतपुर का पुनरोद्धार एवं सौन्दर्यकरण तथा सुजानगंगा के रिवाईवल हेतु डीपीआर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही, उन्होंने गोविन्द स्वामी पेनोरमा (अटारी), गोकुला जाट पेनोरमा, राजा खेमकरण पेनोरमा के निर्माण से संबंधित निविदा कार्य को पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि वैर के सफेद महल, प्रताप फुलवारी एवं प्रताप नहर सहित किले की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण, भरतपुर किले के आस-पास क्षेत्र में सौन्दर्यकरण एवं उन्नयन कार्य शुरू किए गए हैं। इनको गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। बैठक में पूंछरी का लौठा, गिरिराज जी व भरतपुर शहर के विकास की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया। भरतपुर के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, होटल, खनन, ऑटोमोबाइल व्यवसायियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक बहादुर सिंह कोली एवं डॉ. शैलेष सिंह, डॉ. सुभाष गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, भरतपुर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे, साथ ही, विभिन्न विभागों के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

### बजट में आमजन को सुलभ सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए की घोषणाएं

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में आमजन को सुलभ सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए घोषणाएं की हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं में शामिल हीरादास-कुम्हेर गेट फ्लाई ओवर, काली बगीची-आरबीएम अस्पताल फ्लाई ओवर निर्माण जल्द किया जाए। उन्होंने भरतपुर एवं डीग जिले की सड़क निर्माण से संबंधित बजट घोषणाओं की प्रगति की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि भरतपुर जिले में स्वीकृत जीएसएस निर्माण के समस्त कार्य जल्द पूरा किया जाए। साथ ही, शहर में बिजली तारों को भूमिगत करने का कार्य को गति दी जाए। उन्होंने रूपवास, नदबई एवं कामां में बस स्टैण्ड के निर्माण कार्यों, भरतपुर में मास्टर आदित्येन्द्र एवं बदनसिंह विद्यालयों में करवाये जाने वाले विकास कार्यों को चिन्हित कर इनके सौन्दर्यकरण एवं पार्किंग कार्यों की समीक्षा भी की।

## पुलिस लाइन में होगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

### तैयारियां में जुटा प्रशासन, पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल कर रहे छात्र-छात्राएं



अजमेर. कंचन केसरी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर जिला समारोह पुलिस लाइन मैदान पर आयोजित होगा, इसके लिए जिला प्रशासन ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की जा रही है, जिसमें शहर के 22 स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। ध्वजारोहण कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत करेंगे। पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य सरकार की ओर से जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत जिला मुख्यालय पर ध्वजारोहण सुबह 9:30 बजे करेंगे। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में परेड और बैंड में भाग लेने वाली टुकडियों का चयन संचित निरीक्षक, पुलिस लाइन द्वारा किया गया है। इसके अतिरिक्त समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा, नगर निगम उपायुक्त और पर्यटन विभाग के उपनिदेशक शामिल हैं। **25 जनवरी को पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम:** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए नगर निगम उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा को इसका संयोजक बनाया गया है जबकि सदस्य सचिव प्राचार्य केंद्रीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं। समारोह से संबंधित रिहर्सल और व्यवस्थाओं का निरीक्षण 24 जनवरी को सुबह 9:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर प्रथम,अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं का चयन करने हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन की अध्यक्षता में एक अलग कमेटी बनाई गई है। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। झांकियों की जिम्मेदारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सौंपी गई है जो इस प्रक्रिया के नोडल अधिकारी होंगे।

## रामलला मंदिर स्थापना व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर हुए धार्मिक आयोजन

### भगवान श्रीराम को चांदी की पालकी में विराजमान कर कराया भ्रमण



अजमेर. कंचन केसरी

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शहर भर के मंदिरों सहित धार्मिक संगठनों की ओर से धार्मिक आयोजन हुए। सदर बाजार मूदंड़ी मोहल्ला बाजार में सजावट, हनुमान चालीसा का पाठ व आरती का आयोजन हुआ। खाईलैण्ड मार्केट स्थित अम्बे माता मंदिर पर धार्मिक आयोजन हुआ, जिसमें व्यापारियो और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम को चांदी की पालकी में विराजमान करवाकर भ्रमण कराया गया। अयोध्या में बने भगवान राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर तीर्थ नगरी पुष्कर में धार्मिक आयोजन हुए। बुधवार को हनुमान गली स्थित प्राचीन रघुनाथ शाह मंदिर में पूजा अभिषेक महाआरती की गई। खाईलैण्ड मार्केट स्थित अम्बे माता मंदिर में धार्मिक आयोजन प्रातः 11:15 बजे हुए। इस अवसर पर खाईलैंड मार्केट व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल व सचिव प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम को चांदी की पालकी में विराजमान करवाकर बाजार में भ्रमण कराया। महाआरती श्री राम दरबार के पूजन के पश्चात हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन हुआ तत्पश्चात भोग लगाकर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने अतिथि के रूप में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल और सचिव प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में बाजार में सामूहिक रूप से किए गए आयोजन सराहनीय पहल है, इससे आत्मीयता बढ़ती है।

### पुष्कर सरोवर में दुग्धाभिषेक व महाआरती

पुजारी कैलाशनाथ दाधीच ने बताया कि भगवान राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर तीर्थ नगरी पुष्कर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। रघुनाथ शाह मंदिर में भगवान राम का वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा, अभिषेक, हवन किया गया व दोपहर 12:30 बजे महाआरती की हुई, जिसमें देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, राजगढ़ भैरव धाम के उपासक चंपालाल महाराज, पीसांगन के प्रधान दिनेश नायक आदि मौजूद रहे। तीर्थ गुरु कृपा महाआरती संघ के तत्वाधान में गणगौर घाट पर बुधवार शाम 6 बजे सरोवर की महाआरती हुई। संघ के प्रवक्ता इंद्र सिंह पंवार ने बताया कि गणगौर घाट पर पंडित राहुल पाराशर द्वारा सरोवर की महाआरती की गई, इससे पूर्व वेदोक्त परंपरा से ब्रह्म सरोवर का पूजन एवं दुग्धाभिषेक किया गया।

## अमन दिव्यांग दिन दुखी सेवा संस्थान ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

**ब्यावर. कंचन केसरी।** अमन दिव्यांग दिन दुखी सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को प्रथम स्थापना दिवस सेवा समर्पण के साथ मनाया गया। मिल कॉलोनी दीप प्रजाल्वित के पश्चात गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। उसके पश्चात वृद्ध आश्रम जाकर वृद्ध लोगों को भोजन करवाया गया तथा वहां से दिव्यांग संजय स्पेशल स्कूल जाकर छात्रों को को फल वितरण किए गए। प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि 1 वर्ष में जरूरतमंद दिव्यांग महिला को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाई गई तथा वृद्ध आश्रम व कन्या छात्रावास में भी सेवा कार्य किए गए। उन्होने बताया कि आगे भी हमारे संस्थान दीन दुखियों की सेवा में तत्पर रहेगी। इस मौके पर राकेश शर्मा मोहम्मद सलीम रंगरेज, सचिव कन्हैया लाल सिंघाडिया, हरजीत सिंह रावत, सीमा रावत, कौशल जटिया, महबूब अली जब्बार कथा कन्हैयालाल शर्मा, ज्योति शर्मा, मोहम्मद तौसीफ, लीला रावत, मोहम्मद आसिफ, हरफूल जाट, साहिल काठात, मुकेश सैनी, रफीना शाह, सीताराम, सुखदेव सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम आदि उपस्थित रहे।



## रघुनाथ शाह मंदिर में भगवान श्री रघुनाथ शाह की पूजा-अर्चना

पुष्कर. कंचन केसरी

अयोध्या में भगवान श्री राम लाल विराजमान की पहली वर्षगांठ के मौके पर पुष्कर के हनुमान गली स्थित रघुनाथ शाह मंदिर में भगवान श्री रघुनाथ शाह की पूजा अर्चना एवं अभिषेक कार्यक्रम में राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा और पीसांगन पंचायत समिति के प्रधान दिनेश नायक और राजगढ़ भेरू धाम की उपासक चंपालाल जी महाराज ने पंडित कैलाश नाथ दाधीच और कुलदीप दाधीच के आचार्यत्व में हवन पूजन एवं अभिषेक कर महाआरती कर जगत कल्याण की मनोकामनाएं की। इस मौके पर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने जगत कल्याण की मनोकामना के साथ भगवान राम लाल का आशीर्वाद लेकर हवन यज्ञ में अयोध्या देकर भाजपा सरकार के पीएम मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सानिध्य में देवनारायण बोर्ड के तहत पिछड़ी पिछड़े और एमबीसी कमजोर वर्ग के छात्र-छात्र व समेत सभी कमजोर वर्गों के लिए विकास कराने का संकल्प लिया।




**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक**
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालय: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 20-01-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30899430001007 & 30899410000152 | 1) श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री देवी सिंह (आवेदक), 2) श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री दिलीप सिंह (सह-आवेदक) | 12-06-2023 | 09-10-2024 | रुपए 13,66,609.10 (रुपए तेरह लाख छियासठ हजार छः सौ नौ व दस पैसे मात्र) | 07.02.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 7,76,800/- (रुपए सात लाख छिएत्तर हजार आठ सौ मात्र) | रुपए 77,680/- (रुपए सत्तर हजार छः सौ अस्सी मात्र) | 13.02.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 12-02-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सम्पत्ति का विवरण:** समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति पट्टा संख्या 16, खसरा संख्या 549,550, गांव नूंन्द्री मालदेव पंचायत समिति जवाजा जिला अजमेर-305901, राजस्थान। परिमाप 132.02 वर्ग गज। **श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री देवी सिंह द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब:** मदन सिंह पुत्र देवी सिंह का मकान, **पश्चिम:** मंगू सिंह, पुत्र डूंगर सिंह का मकान, **उत्तर:** लक्ष्मण सिंह, **दक्षिण:** निकास और आम रास्ता। | | | | | | | | | |
| 2 | 45919610001834 | 1) श्री मुकेश टाक पुत्र सोहन राज (आवेदक), 2) श्रीमती मधु पत्नी श्री मुकेश टाक (सह-आवेदक) | 12-06-2024 | 04-09-2024 | रुपए 7,06,631.12 (रुपए सात लाख छः हजार छः सौ इकतीस व बारह पैसे मात्र) | 07.02.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 4,55,650/- (रुपए चार लाख पचपन हजार छः सौ पचास मात्र) | रुपए 45,565/- (रुपए पैंतालीस हजार पांच सौ पैंसठ मात्र) | 13.02.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 12-02-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सम्पत्ति का विवरण:** समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति प्लॉट संख्या 20, श्री उम्मेद वाटिका योजना, खसरा संख्या 198, ग्राम झिपासनी, तहसील और जिला जोधपुर, राजस्थान-342001, परिमाप 125 वर्ग गज। **श्री मुकेश टाक पुत्र सोहन राज द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब:** प्लॉट संख्या 11, **पश्चिम:** सड़क 30'' फीट, **उत्तर:** प्लॉट नंबर 19, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 21 | | | | | | | | | |
| 3 | 45889420003314 | 1) श्री रविशंकर खटीक पुत्र बसंती लाल खटीक (आवेदक), 2) श्री नवीन चावला पुत्र बसंती लाल खटीक (सह-आवेदक) | 11-03-2024 | 24-10-2024 | रुपए 17,97,198.62 (रुपए सत्रह लाख सत्यानवे हजार एक सौ अठयानवे व बांसठ पैसे मात्र) | 07.02.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 21,57,200/- (रुपए इक्कीस लाख सत्तावन हजार दो सौ मात्र) | रुपए 2,15,720/- (रुपए दो लाख पंद्रह हजार सात सौ बीस मात्र) | 13.02.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 12-02-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सम्पत्ति का विवरण:** समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति पट्टा संख्या 5, मिसल संख्या 13, ग्राम बासड़ा, ग्राम पंचायत गुंदली, पंचायत समिति सुवाणा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान। परिमाप 2937 वर्ग फीट। **रवि शंकर खटीक पुत्र बसंती लाल खटीक द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब:** देव नारायण मंदिर, **पश्चिम:** सड़क, **उत्तर:** भेरू पुत्र उदा बैरवा का मकान, **दक्षिण:** गेहरू पुत्र छीतर गुर्जत का मकान। | | | | | | | | | |
| 4 | 30899610000067 & 30899630000913 | 1) श्री साहिल पंवार पुत्र श्री देवी सिंह दरोगा (आवेदक), 2) श्रीमती सुमन राठौड़ पत्नी श्री साहिल पंवार (सह-आवेदक) | 07-09-2023 | 11-09-2024 | रुपए 45,87,253.40 (रुपए पैंतालीस लाख सत्यासी हजार दो सौ तरेपन व चालीस पैसे मात्र) | 07.02.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 22,78,150/- (रुपए बाईस लाख अठहत्तर हजार एक सौ पचास मात्र) | रुपए 2,27,815/- (रुपए दो लाख सत्ताईस हजार आठ सौ पंद्रह मात्र) | 13.02.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 12-02-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सम्पत्ति का विवरण:** समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति आवंटन संख्या 2014-15/105, स्थित वार्ड संख्या 2, पुराना जोरावरपुरा, गुलाबपुरा, तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान। परिमाप 150 वर्ग गज। **श्री साहिल पंवार पुत्र देवी सिंह द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब:** 45 फीट देवराज बैरवा का मकान, **पश्चिम:** आम रास्ता, **उत्तर:** श्रीमती रुकमा बंजारा का मकान, **दक्षिण:** आम रास्ता। | | | | | | | | | |
| 5 | 45889420003531 | 1) श्री शेख सईदुल पुत्र शेख सेतुदीन (आवेदक), 2) श्रीमती हामिदा खातून पत्नी श्री शेख सईदुल (सह-आवेदक) | 07-09-2023 | 21-09-2024 | रुपए 11,01,089.12 (रुपए ग्यारह लाख एक हजार नवासी व बारह पैसे मात्र) | 07.02.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 4,44,150/- (रुपए चार लाख चवालीस हजार एक सौ पचास मात्र) | रुपए 44,415/- (रुपए चवालीस हजार चार सौ पंद्रह मात्र) | 13.02.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 12-02-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सम्पत्ति का विवरण:** समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति आराजी नंबर 1862, खटीक मोहल्ला, वार्ड नंबर 45, पुरानी धानमंडी, भीलवाड़ा-311001, राजस्थान। परिमाप 280 वर्ग फीट। **श्री शेख सईदुल पुत्र शेख सेतुदीन द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब:** नाथू लाल खटीक, **पश्चिम:** मांगी लाल खटीक, **उत्तर:** सड़क, **दक्षिण:** सड़क। | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां ''जैसी है जहां है आधार'' तथा ''जो है जैसी है आधार'' पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर:** 9515160064 ई-मेल आईडी: **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653)**, प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**तिथि: 23-01-2025, स्थान: राजस्थान** | **हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**